# [Series - C :: Code - KLM-2]

1. 'विशेषण' शब्द का चयन कीजिये______
   (a) सरपंच (b) पाँचवाँ
   (c) प्रपंच (d) पहुँच
2. 'ऋषि' संज्ञा शब्द से विशेषण शब्द क्या बनेगा?
   (a) आर्ष (b) ऋषिकल्प
   (c) ऋषितुल्य (d) ऋषिवत्
3. व्याकरण की दृष्टि से कौन-सा शब्द विशेषण नहीं है?
   (a) भयभीत (b) निर्भीक
   (c) भीरू (d) भय
4. 'एक प्रतिभा सम्पन्न छात्र' का विशेषण है_____
   (a) कुशल (b) चतुर
   (c) अध्ययनशील (d) मेधावी
5. 'नीली साड़ी' में कौन-सा विशेषण है?
   (a) संख्यावाचक (b) परिमाणवाचक
   (c) गुणवाचक (d) सार्वनामिक
6. 'बड़ा घर'<br>'छोटा आदमी' और<br>'नीला वस्त्र' } में विशेष्य कौन-कौन पद हैं?
   (a) नीला, छोटा (b) बड़ा, छोटा
   (c) घर, आदमी, वस्त्र (d) छोटा, नीला
7. 'विशेष्य' शब्द है_____
   (a) रामलला (b) बुद्धिमती स्त्री
   (c) रमापति (d) सीता-राम
8. निम्नलिखित विशेष्य-विशेषण युग्मों में एक गलत है:
   (a) सर्व-सुलभ (b) ताजी-रोटी
   (c) कर्म-निष्ठ (d) भाव-विह्वल
9. 'परिमाणवाचक क्रिया-विशेषण' का वाक्य होगा
   (a) वह बहुत थक गया है।
   (b) वह अभी-अभी गया है।
   (c) वह अंदर बैठा है।
   (d) वह अब भलीभाँति नाच लेता है।
10. निम्नलिखित में विशेष्य पद है:
   (a) अनुरागी (b) अनादृत
   (c) अपमानित (d) अग्नि
11. 'पर्यायवाची' शब्द का अर्थ है_____
   (a) विलोमवाची (b) प्रतिविलोमवाची
   (c) समानाभास (d) समानार्थी
12. 'यमुना' का पर्यायवाची है_____
   (a) कालिन्दिनी (b) भागीरथी
   (c) यामिनी (d) कालिन्दी
13. निम्नलिखित में कौन-सा शब्द 'निशीथ' का पर्यायवाची नहीं है?
   (a) रात्रि (b) रजनी
   (c) तम (d) निशा
14. 'सूर्य' का पर्यायवाची है_____
   (a) भास्वर (b) मार्तण्ड
   (c) प्रकाश (d) तेज
15. निम्नलिखित में कौन-सा शब्द 'अरविन्द' का पर्यायवाची नहीं है?
   (a) मिलिन्द (b) पंकज
   (c) जलज (d) अम्बुज
16. 'बिजली' शब्द का पर्यायवाची नहीं है_____
   (a) वितुंडा (b) दामिनी
   (c) चंचला (d) तड़ित
17. 'प्राची' का पर्यायवाची शब्द है_____
   (a) प्राचीन (b) प्रकृत
   (c) पूर्व (d) प्रज्ञा
18. 'तरंग' शब्द का पर्यायवाची है_____
   (a) पुष्कर (b) कूल
   (c) जलधि (d) ऊर्मि
19. 'जंगल' शब्द का पर्यायवाची है______
   (a) प्रमोद (b) विश्रान्ति
   (c) कान्तार (d) दिव
20. 'क्रोध' शब्द का पर्यायवाची है_______
   (a) संताप (b) अमर्ष
   (c) वैमनस्य (d) भीति
21. 'तिमिर' शब्द का विलोम है_____
   (a) आलोक (b) किरण
   (c) रंगीन (d) रंगहीन
22. 'प्रत्यक्ष' शब्द का विलोम है_____
   (a) अपरोक्ष (b) परोक्ष
   (c) सुंदर (d) प्रत्यय
23. 'सामान्य' शब्द का विलोम है_____
   (a) श्रेष्ठ (b) सर्वज्ञ
   (c) साधारण (d) विशिष्ट

GS World Committed To Excellence

24. 'अमर' शब्द का विलोम है_____
(a) मृतक (b) मृत्यु
(c) मरण (d) मर्त्य

25. 'उपकार' शब्द का विलोम है_______
(a) विकार (b) अनुपकार
(c) अपकार (d) तिरस्कार

26. 'आविर्भाव' शब्द का विलोम है_____
(a) अनाविर्भाव (b) विभाव
(c) अविर्भाव (d) तिरोभाव

27. 'उक्त' शब्द का विलोम है_____
(a) अनुक्त (b) उपयुक्त
(c) अनुपयुक्त (d) उपर्युक्त

28. 'निर्दय' शब्द का विलोम है_____
(a) सह्य (b) सहृदय
(c) सदय (d) सभय

29. 'उन्मीलन' शब्द का विलोम है____
(a) अनुमीलन (b) निमीलन
(c) अवमीलन (d) मीलन

30. 'उत्कर्ष' शब्द का विलोम है_____
(a) अकर्ष (b) अनुत्कर्ष
(c) अपकर्ष (d) आकर्ष

31. कौन-सा वाक्य शुद्ध है?
(a) यह आँखों से देखी घटना है।
(b) यह आँखों देखी घटना है।
(c) यह आँखों द्वारा देखी गई घटना है।
(d) यह आँखों द्वारा देखी-सुनी घटना है।

32. कौन-सा वाक्य शुद्ध है?
(a) आईन्स्टीन के पास विलक्षण बुद्धि थी।
(b) आईन्स्टीन के पास विचित्र बुद्धि थी ।
(c) आईन्स्टीन के पास अलौकिक बुद्धि थी।
(d) आईन्स्टीन के पास दैवीय बुद्धि थी।

33. कौन-सा वाक्य शुद्ध है?
(a) शरत्कालीन दिनों में चन्द्रमा की शोभा देखने योग्य होती है।
(b) शरद् काल के दिनों में चन्द्रमा की शोभा देखने योग्य होती है।
(c) शरत् काल में चन्द्रमा की शोभा देखने योग्य होती है।
(d) शरत् काल के दिनों में चन्द्रमा की शोभा देखने योग्य होती है।

34. कौन-सा वाक्य शुद्ध है?
(a) दही खट्टी है।
(b) दही खट्टा है।
(c) दही खटास है।
(d) दही खटाई है।

35. कौन-सा वाक्य शुद्ध है?
(a) सुरेश को एक पाती लिखना है।
(b) सुरेश ने एक पाती लिखनी है।
(c) सुरेश के लिए एक पत्र लिखनी है।
(d) सुरेश के लिए पत्र लिखना है।

36. अशुद्ध वर्तनी वाला शब्द है____
(a) प्रज्वलित (b) समुज्ज्वल
(c) उज्ज्वल (d) समुज्वल

37. अशुद्ध वर्तनी वाला शब्द है_____
(a) पारलौकिक (b) निष्चेष्ट
(c) दुर्धर्ष (d) आशीर्वाद

38. शुद्ध वर्तनी वाला शब्द है______
(a) धोबिन (b) धोबिनी
(c) धोबनी (d) धोबीन

39. शुद्ध वर्तनी वाला शब्द है______
(a) भगीरथी (b) भागीरथी
(c) भगिरथी (d) भागिरथी

40. शुद्ध वर्तनी वाला शब्द है_____
(a) विरिहिणी (b) विरहणी
(c) विरहिणी (d) विरिहणी

41. 'बहुत अधिक बोलने वाला व्यक्ति___________
(a) वक्ता (b) अधिवक्ता
(c) प्रवक्ता (d) वाचाल

42. 'जिसका इलाज न हो सके' उसके लिए उपयुक्त शब्द है_________
(a) असाध्य (b) दु:साध्य
(c) साधनहीन (d) श्रमसाध्य

43. 'जिसे जीता न जा सके' - उसके लिए उपयुक्त शब्द है_________
(a) अजेय (b) अज्ञेय
(c) अपराजेय (d) दुर्जेय

44. 'जिस स्त्री का पति जीवित है' - उसके लिए उपयुक्त शब्द है_________
(a) पतिव्रता (b) सधवा
(c) विवाहिता (d) अनुरक्ता

GS World
Committed To Excellence

45. 'जो क्षीण न हो सके' - उसके लिए उपयुक्त शब्द है_______
(a) अमिट (b) अपार
(c) अक्षय (d) अनंत

46. 'जो सब कुछ जानता है' - के लिए उपयुक्त शब्द है______
(a) चित्रकालज्ञ (b) बहुज्ञ
(c) ज्ञानी (d) सर्वज्ञ

47. 'जिसके सिर पर चन्द्र हो' - के लिए उपयुक्त शब्द है_______
(a) चन्द्रशिखर (b) चंद्रशेखर
(c) चक्रधर (d) चंद्रग्रहण

48. 'जिसके हृदय में ममता नहीं है' - के लिए उपयुक्त शब्द है________
(a) मर्माहत (b) क्रूर
(c) निर्मम (d) निर्दय

49. तिलक लगाने में किस अन्न का प्रयोग उपयुक्त होता है?
(a) गेहूँ (b) अक्षत
(c) जौ (d) उड़द

50. 'जिसका जन्म छोटी जाति (निचले वर्ग) में हुआ हो' - के लिए उपयुक्त शब्द है_________
(a) अण्डज (b) शुद्र
(c) अन्त्यज (d) अछूत

51. 'चूरन' का तत्सम शब्द है_______
(a) चौर (b) चूर्ण
(c) चर्म (d) चक्षु

52. कौन-सा तत्सम शब्द नहीं है?
(a) इन्दु (b) दिनेश
(c) मनोज (d) रात

53. 'तिक्त' शब्द का तद्भव है_________
(a) तीता (b) तीखा
(c) तिक्ता (d) तिखन

54. 'ससुर' का तत्सम शब्द है________
(a) सस्वर (b) स्वसुर
(c) श्वसुर (d) श्वश्रु

55. 'तद्भव' शब्द निर्दिष्ट कीजिये________
(a) आधा (b) कूप
(c) विद्या (d) व्योम

56. 'तत्सम' शब्द है______
(a) क्लिष्ठ (b) कठोर
(c) कठिन (d) मज़बूत

57. 'ढीठ' शब्द का तत्सम है_________
(a) दृष्ट (b) पुष्ट
(c) दृश्य (d) धृष्ट

58. 'तत्सम' शब्द का चयन कीजिये________
(a) शेर (b) बबर शेर
(c) व्याघ्र (d) बाघ

59. 'माँ' शब्द का तत्सम है________
(a) माता (b) मातृका
(c) मातृ (d) अम्मा,

60. तद्भव शब्द है_______
(a) मानव (b) मनई
(c) मनुष्य (d) मानो

GS World Committed To Excellence